तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 सेवा संकल्प अभियान के तहत बेड़मा में लगा ...



11 बाढ़ प्रभावित बड़े चकवा, मधोता और बोदरा ...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
7

खबर संक्षेप

बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन शुरू

जगदलपुर। बस्तर ओलंपिक के तीसरे संस्करण के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। इच्छुक खिलाड़ी 30 अक्टूबर तक पोर्टल या खेल विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। ऑनलाइन में दिक्कत होने पर खेल परिसर, ग्राम पंचायत या जनपद कार्यालय से ऑफलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। इसके लिए आधार कार्ड, फोटो और बैंक खाते का विवरण आवश्यक है। प्रतियोगिता में 14 से 17 वर्ष तक के खिलाड़ी जूनियर तथा 17 वर्ष से अधिक के खिलाड़ी सीनियर वर्ग (महिला व पुरुष) में भाग ले सकेंगे। इस बार एथलेटिक्स, तीरंदाजी, फुटबॉल, कबड्डी सहित कुल 11 खेल विधाओं को शामिल किया गया है।

मस्सुकोकोड़ा में दो बाइक की भिड़ंत में दो घायल



फरसगांव। नेशनल हाईवे-30 पर रविवार दोपहर करीब 3 बजे मस्सुकोकोड़ा के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद एक बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार रायपुर निवासी दीपांकर पाल और भरत घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद मगरलोड नगर पंचायत के सीएमओ अशोक चौहान ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को अपनी कार से तत्काल फरसगांव अस्पताल पहुंचाया। यहां दोनों का उपचार किया गया। हादसे में दीपांकर पाल को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि भरत को अपेक्षाकृत कम चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद दीपांकर पाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

बस्तर की 17 ग्राम पंचायतों में उप-निर्वाचन की तैयारी शुरू

जगदलपुर। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बस्तर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने सात विकासखंडों की 17 ग्राम पंचायतों में सरपंच के 2 और पंच के 15 रिक्त पदों को भरने के लिए 1 अक्टूबर की संदर्भ तिथि के आधार पर मतदाता सूची तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए जगदलपुर, लोहण्डीगुड़ा, बस्तर, बकावण्ड और तोकापाल के एसडीएम को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं संबंधित तहसीलदारों व जनपद सीईओ को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपर कलेक्टर को अपीलीय अधिकारी बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नियुक्त अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय-सीमा के भीतर त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

कड़ी सुरक्षा में सीजी सेट की परीक्षा 73 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले के 49 परीक्षा केंद्रों में पंजीकृत 9777 परीक्षार्थियों में से 7161 ने दी परीक्षा तथा 2616 अनुपस्थित रहे

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सीजी सेट-2026) रविवार को बस्तर जिले के सभी 49 परीक्षा केंद्रों पर चाक-चौबंद सुरक्षा और पूरी पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। जिले में दोनों पालियों के लिए 9777 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 73 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रथम पाली में पंजीकृत 9777 परीक्षार्थियों में से 7161 उपस्थित रहे तथा 2616 अनुपस्थित पाए गए। वहीं द्वितीय पाली में 7131 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2646 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा की शुचिता और गरिमा बनाए रखने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा बेहद कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। परीक्षा कक्षों में नकल व अनुचित साधनों पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने बेहद सख्त ड्रेस कोड लागू किया था। इसके चलते परीक्षार्थी केवल हल्के रंग की हाफ टी-शर्ट या हल्के कपड़े तथा पैरों में चप्पल पहनकर ही परीक्षा दे सके। परीक्षा परिसर में जूते-मोजे, बेल्ट, घड़ी, पर्स, चश्मा, टोपी, स्कार्फ, किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा महिला अभ्यर्थियों के आभूषणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। समूची परीक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नोडल अधिकारी एवं ⏭शेष पेज 10 पर





मुख्य द्वार में मेटल डिटेक्टर से ली तलाशी

निर्धारित नियमों के तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पूर्व ही केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए थे, जिससे मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर से उनकी गहन तलाशी ली जा सकी। इसके बाद वीक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र तथा वैध पहचान पत्रों का सूक्ष्मता से सत्यापन किया गया, साथ ही जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र में तस्वीर स्पष्ट नहीं थी, उनसे दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो लेकर ही प्रवेश दिया गया।

शिविर : चार जिलों में कुल 2,953 दिव्यांगजन चिन्हांकित

आईईडी विस्फोट में हुए दिव्यांगों को मिलेंगे कृत्रिम हाथ-पैर : विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि बस्तर अब आईईडी विस्फोटों की विरह वेदना से बाहर निकलने को तैयार है। वर्षों तक नक्सल हिंसा के दौर में बस्तर के अनेक इलाकों में सड़कों, नदी-तालाबों के किनारे और स्कूलों के आसपास लगाए गए आईईडी की चपेट में सुरक्षाबलों के जवानों के साथ आम नागरिक और पशु भी आए। कई नागरिकों ने इन विस्फोटों में अपने हाथ-पैर गंवाए और आज भी दिव्यांगता के साथ कठिन जीवन जी रहे हैं। जिनकी वेदना को कम करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ शासन भी लगातार प्रयासरत है। ऐसे लोगों के जीवन की मुश्किलें कम करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग में 2 चरणों में विशाल निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। पहला 3 दिवसीय शिविर 5, 6 और 7 अक्टूबर को बस्तर के जिला मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित होगा। इसमें बस्तर, कांकेर, नारायणपुर और कोण्डागांव जिले के ⏭शेष पेज 10 पर

- जगदलपुर में 5 से 7 अक्टूबर और दंतेवाड़ा में 15 से 17 अक्टूबर तक लगेगा नि:शुल्क विशाल दिव्यांग सेवा शिविर



आईईडी पीड़ितों को कृत्रिम हाथ-पैर देकर जीवन आसान करने का प्रयास

उन्होंने कहा कि आईईडी किसी को पहचानता नहीं था। उसकी चपेट में कभी जवान आए, कभी आम नागरिक और कभी पशु। जिन नागरिकों ने विस्फोटों में अपने पैर या हाथ गंवाए, उनका जीवन बच तो गया, लेकिन उन्हें वर्षों से कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। अब प्रयास है कि ऐसे प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी जरूरत के अनुरूप कृत्रिम अंग उपलब्ध कराया जाए।

आईईडी मुक्त बस्तर के साथ ही आईईडी के प्रभावितों के साथ भी सरकार

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलवाद की समाप्ति के बाद ना सिर्फ बस्तर को आईईडी के भय से मुक्त कराने बल्कि आईईडी से प्रभावितों के साथ भी खड़ी है। शिविर में आईईडी विस्फोट से दिव्यांग हुए नागरिकों को विशेष रूप से चिन्हांकित कर उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम पैर (जयपुर फुट), कृत्रिम हाथ तथा अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही अन्य कारणों से दिव्यांग हुए लोग भी शिविर का लाभ ले सकेंगे। विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण और नाप लेकर आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग तैयार करने तथा पुराने अथवा क्षतिग्रस्त कृत्रिम अंगों की मरम्मत की व्यवस्था भी शिविर में रखे जाने की जानकारी सामने आई है।

ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक पंजीयन की व्यवस्था

उन्होंने बस्तर संभाग के दिव्यांगजनों और विशेष रूप से आईईडी विस्फोट पीड़ितों से शिविर में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हितग्राही अपने जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। ग्राम सभाओं में भी ऐसे हितग्राहियों के नाम ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से पंजीयन कर जनपद और जिला पंचायत तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश पूर्व पंजीयन नहीं हो पाया हो तो जरूरतमंद व्यक्ति सीधे शिविर में भी पहुंचें। शिविर में आने वाले हितग्राहियों के भोजन और ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन दोनों शिविरों के माध्यम से प्रयास है कि समूचे बस्तर में आईईडी विस्फोटों से दिव्यांग हुए लोगों तक सहायता पहुंचे और वर्षों से उनके जीवन से जुड़ी इस पीड़ा को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि बस्तर में आईईडी विस्फोट के इस दंश को समाप्त कर देना है।

विकास की दस्तक से कांगेर घाटी के सुरम्य अंचल की बदल रही तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के घने वनांचलों के बीचोंबीच बसा दरभा विकास खंड का खूबसूरत गांव कोलेंग अब अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ विकास की मुख्यधारा से जुड़ने की नई मिसाल पेश कर रहा है। कभी दशकों तक लाल आतंक के खौफ और माओवादी प्रभाव के साए में कटे रहे इस वनांचल में बदलाव की बयार अब पूरी तरह स्थापित हो चुकी है।

उस दौर में जहां न पक्की सड़कें थीं और न ही आवागमन का कोई साधन, वहां मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजनाह्न के तहत दौड़ती बसें ग्रामीणों के लिए एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक बन चुकी हैं। नानगुर, चिंगपाल और कांगेर घाटी की हरी-भरी वादियों के बीच बसे कोलेंग को ⏭शेष पेज 10 पर

ग्रामीणों की आजीविका में हुआ सुधार

इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाली के साथ पक्की सड़कों के निर्माण और एक वर्ष से जारी सार्वजनिक बस सेवा के तालमेल ने दरभा क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को नई मजबूती दी है। स्थानीय किसान और वनोपज संग्राहक अपनी उपज को बिना किसी बिचौलिए या देरी के सीधे बड़े बाजारों तक पहुंचाकर उचित मूल्य पा रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका में सुधार हुआ है। इसके साथ ही गांव के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा संस्थानों और गंभीर मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों तक समय पर पहुंचाने में इस बस सेवा ने पिछले बारह महीनों में एक जीवनरेखा की भूमिका निभाई है। दशकों के अलगाव और खौफ के दौर को पीछे छोड़ते हुए कोलेंग निवासी तुलाराम नाग और आसपास के अन्य ग्रामीण शासन की इस संवेदनशील पहल की सराहना कर रहे हैं।

कई गांवों की फसल चौपट, किसान बिफरे एवं दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जिला बस्तर के नेतृत्व में आज नगरनार ब्लॉक के ठलनार, तारापुर एवं बजावड़ गांवों का दौरा किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित किसानों के बीच पहुंचकर उनकी गंभीर समस्याओं को सुना। किसानों ने शिकायत की कि बाढ़ से नष्ट हुई फसलों के मुआवजे और नगरनार क्षेत्र से खेतों में घुस रहे काले व प्रदूषित पानी की सुध लेने वाला कोई नहीं है। खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो रही है और कृषि भूमि खराब हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित हैं। दौरे के दौरान जिला अध्यक्ष रमेश गोयल ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान अपनी जमीन पर मेहनत कर देश का पेट भरता है, लेकिन संकट आने पर प्रशासन आंखें बंद कर लेता है। किसानों के हक और अधिकार की लड़ाई में संगठन अंतिम दम तक उनके साथ खड़ा रहेगा। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगदू राम कश्यप, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, जयंत राम साहू, मानसिंह नेताम, जिला प्रवक्ता कृष्ण कुमार पांडे, जिला सचिव रूबेन कश्यप, मीडिया प्रभारी ⏭शेष पेज 10 पर

- ठलनार, तारापुर और बजावड़ गांवों की फसलें बर्बाद



मतदाता सूची अद्यतनीकरण का विशेष अभियान आज से

जगदलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बस्तर जिले में मतदाता सूची के सतत अद्यतनीकरण के लिए विशेष अभियान शुरू किया जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने बताया कि यह अभियान 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पूरे जिले में संचालित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य छूटे हुए पात्र नागरिकों और नए युवाओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। पात्र नागरिक घर बैठे डिजिटल माध्यम से भी अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग के मोबाइल ऐप या आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म 6 के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

कमर तक पानी में घुसकर कर्मियों ने 148 गांवों में बिजली सेवा की बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में बारिश और बाढ़ ने आम जनजीवन तो अस्त व्यस्त किया ही, साथ ही बिजली व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। बाढ़ के कारण कई गांव में बिजली के खंभे टूट गए, ट्रांसफॉर्मर में बाढ़ का पानी घुस गया। कई घर गिरने से बिजली प्रभावित हुई थी, प्रभावित बिजली को ठीक करने में विद्युत कंपनी के कर्मचारी पानी में भी जुटे रहे। आधे शरीर में डूबकर भी विद्युत कर्मचारियों ने बाढ़ से 70 पोल क्षतिग्रस्त हुए 148 गांवऔर कई ट्रांसफार्मर भी पानी में डूबकर खराब हुए, इसे बनाने का कार्य किया। इससे सभी गांव में बंद बिजली को बहाल किया गया। बताया कि कई गांव नदी के काफी किनारे बसे हुए हैं, बाढ़ से बिजली के खंभे पेड़ गिरने से टूट गए थे। ट्रांसफॉर्मर में मौजूद डब्बे में भी बाढ़ का पानी भर गया था, सभी को व्यवस्थित करके शुरू किया। लोहंडीगुड़ा का बढ़ांजी, टाकरागुड़ा, पोटानार, नगरनार, रामपाल, सरगीगुड़ा, हरपारा में बिजली चालू करने से करंट फैलने की आशंका है। बिजली चालू करने से पहले अलग से लाइन काटकर अधिक प्रभावित घरों को अलग कर दिया गया था, अब बिजली बहाल हो गई।

150 से ज्यादा कर्मचारी जुटे : बिजली चालू करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ का पानी भरे होने और कीचड़ में ⏭शेष पेज 10 पर



सभी गांव में बिजली सुचारू

विद्युत कंपनी जगदलपुर (ग्रामीण) संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी ने बताया कि बस्तर में आई बाढ़ की वजह 148 गांव अधिक प्रभावित हुए थे। जिसमें बिजली भी पूरी तरह से प्रभावित हुई थी, लगभग सभी गांव में बिजली सुचारू कर दी गई है।

बाढ़ प्रभावित 60 से अधिक छात्रों को भाजपा प्रकोष्ठ ने बांटी शिक्षण सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में हाल ही में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों के बच्चों की पढ़ाई को पटरी पर लाने के उद्देश्य से भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ ने डोंगाघाट क्षेत्र में सेवा पहल की। प्रकोष्ठ की ओर से बाढ़ प्रभावित 60 से अधिक विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपी-नोटबुक, रजिस्टर, पेन, पेंसिल, कंपास सहित अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में बच्चों को बिस्किट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी और भाजपा बस्तर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय विशेष रूप से ⏭शेष पेज 10 पर

ये रहे मौजूद

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव, जिला उपाध्यक्ष महिला ललित बघेल, जिला उपाध्यक्ष महिला राम कुमारी यादव, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजू बोथराजी, शिरीष मिश्रा, सहित आर्थिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बाघ-तेंदुए के पदचिन्ह पहचानने से लेकर कैमरा ट्रैप लगाने दी व्यावहारिक जानकारी

वन अमले को बाघों की निगरानी के लिए पगमार्क व कैमरा ट्रैप का मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार आयोजित बस्तर संभाग स्तरीय टाइगर मॉनिटरिंग एवं प्रोटेक्शन कार्यशाला के द्वितीय दिवस शनिवार को माचकोट वन परिक्षेत्र के कुरुंदी क्षेत्र में फील्ड निरीक्षण एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) उत्तम कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुए प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन अमले को बाघ एवं अन्य वन्यजीवों की वैज्ञानिक तरीके से निगरानी, फील्ड साइन की पहचान और उनके व्यवस्थित दस्तावेजीकरण में दक्ष बनाना रहा। फील्ड प्रशिक्षण के दौरान राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गौरव निहलानी तथा कोरिया वनमंडल से आए विशेषज्ञ दल ने प्रतिभागियों को बाघ एवं तेंदुए की मॉनिटरिंग से जुड़ी विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। जंगल भ्रमण के दौरान वन्यजीवों की मौजूदगी के संकेतों को पहचानने, उनका वैज्ञानिक तरीके से अवलोकन करने और रिकॉर्ड तैयार करने की प्रक्रिया को मौके पर समझाया गया। इसके साथ ही पगमार्क इम्प्रेशन पैड तैयार करने की तकनीक का प्रदर्शन ⏭शेष पेज 10 पर



पगमार्क की पहचान पर विशेष जोर

प्रशिक्षण में बाघ और तेंदुए के पगमार्क की पहचान को विशेष महत्व दिया गया। पगमार्क की आकृति, आकार और अन्य प्रमुख विशेषताओं के आधार पर दोनों प्रजातियों के पदचिह्नों में अंतर को फील्ड में उदाहरण सहित समझाया गया। पगमार्क मिलने के बाद उसके उचित दस्तावेजीकरण और मॉनिटरिंग में उसके उपयोग की प्रक्रिया भी बताई गई।

खबर संक्षेप

महतारी वंदन में बेटियां सशक्त बन रही : हेमलता

कोण्डागांव। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के साथ–साथ उन्हें भविष्य की बेहतर योजना बनाने और आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर भी प्रदान कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता कई परिवारों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों के साथ बचत और भविष्य की सुरक्षा का आधार बन रही है। **दोनों बेटियों के भविष्य के लिए कर रहीं बचत :** ग्राम भानपुरी निवासी हेमलता दीवान भी महतारी वंदन योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता का उपयोग अपनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कर रही हैं। उन्हें योजना के तहत प्रत्येक माह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। हेमलता इस राशि में से 500–500 रुपये अपनी दोनों बेटियों के नाम सुकन्या समृद्धि योजना के खातों में जमा कर रही हैं। **छोटी बचत से तैयार हो रहा आर्थिक आधार :** हेमलता दीवान बताती हैं कि उन्होंने यह निर्णय अपनी दोनों बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से लिया है। उनका मानना है कि आज से की गई छोटी–छोटी बचत आगे चलकर बेटियों की पढ़ाई–लिखाई और उनकी अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में उपयोगी साबित होगी। **बेटियों की शिक्षा को लेकर बना रही योजना :** हेमलता कहती हैं कि बेटियों के भविष्य को लेकर हर माता–पिता की अपनी चिंताएं और जिम्मेदारियां होती हैं। ऐसे में यदि अभी से उनके नाम पर बचत की जाए, तो आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर आर्थिक परेशानी कम हो सकती है। हेमलता के अनुसार भविष्य में जमा की गई राशि का उपयोग बेटियों की पढ़ाई–लिखाई अथवा उनकी जरूरत के अनुसार अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में किया जा सकेगा।



कोल्हापुर में गूंजी राष्ट्रसेवा की प्रतिबद्धता, राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए कोण्डागांव के पूर्व सैनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की 27वीं सामान्य प्रतिनिधि सभा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 2 से 4 अक्टूबर 2026 तक महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित कनेरी मठ में आयोजित किया गया। देशभर से पहुंचे पूर्व सैनिकों एवं परिषद के पदाधिकारियों के बीच आयोजित इस राष्ट्रीय बैठक में कोण्डागांव जिले के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. चतुर्वेदी पुनः मनोनीत अधिवेशन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. चतुर्वेदी (पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम), पालक अधिकारी प्रदीप जोशी, केंद्रीय पदाधिकारी तथा विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. चतुर्वेदी को आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

राष्ट्र निर्माण और सुरक्षा को लेकर हुआ व्यापक मंथन : राष्ट्रीय अधिवेशन का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्व सैनिकों के अनुभव एवं सेवा भावना का देशहित में उपयोग करने पर विचार–विमर्श करना रहा। बैठक में परिषद के संगठनात्मक विस्तार, पूर्व सैनिकों एवं मातृशक्ति को अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने तथा सेवा गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर किया मंथन



कोण्डागांव से ये पदाधिकारी रहे शामिल

राष्ट्रीय अधिवेशन में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ के महामंत्री किशोरी लाल साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, कोण्डागांव जिला उपाध्यक्ष अजमेर लकड़ा, सदस्य रतिराम सोरी एवं श्रीकांत तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कनेरी मठ में आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन ने देशभर के पूर्व सैनिकों को एक मंच पर जोड़ते हुए राष्ट्रसेवा, सामाजिक दायित्व और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।

विधायक नीलकंठ टेकाम और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

सेवा संकल्प अभियान के तहत बेड़मा में लगा जिला स्तरीय जनसमस्या शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

सेवा संकल्प अभियान के तहत केशकाल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बेडमा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में तथा जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को उनके क्षेत्र में ही सुनना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनका निराकरण सुनिश्चित करना रहा। शिविर में ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व, राशन, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वनाधिकार सहित विभिन्न विषयों से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अलग-अलग विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए।



ग्रामीणों से सीधे संवाद

जनसमस्या शिविर में विधायक नीलकंठ टेकाम एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों और समस्याओं के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली गई। जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव थी, उनमें मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए, जबकि अन्य प्रकरणों को संबंधित विभागों को नियमानुसार निराकरण के लिए भेजा गया। शिविर के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्याओं को लेकर किसी तरह की परेशानी न उठाएं तथा प्रशासन द्वारा आयोजित ऐसे शिविरों का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत करें। प्रशासन की ओर से प्राप्त आवेदनों की जांच कर पात्रतानुसार कार्रवाई करने की बात कही गई।

विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा

विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य शासन की योजनाओं और प्रशासनिक सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना है। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान केवल कार्यालयों तक सीमित न रहे, बल्कि प्रशासन स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से इस तरह के जनसमस्या शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को दूर स्थित कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने दिए अधिकारियों को निर्देश

जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्या शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सीधे सुना जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में मौके पर समाधान संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए तथा जिन प्रकरणों में जांच या अन्य विभागीय प्रक्रिया आवश्यक है, उनमें भी समयबद्ध कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि पात्र हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करें।

विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए। यहां ग्रामीणों को शासन की योजनाओं, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, राजस्व, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने ग्रामीणों से संवाद किया।

तेज रफ्तार बाइक ट्रक से टकराई दो युवक घायल, ट्रक चालक फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 स्थित रांधना मोड़ पर हुए सड़क हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में तेज रफ्तार बाइक और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर साफ दिखाई दे रही है। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से की सावधानी की अपील

फरसगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास ने वाहन चालकों से मुख्य मार्ग पर पहुंचते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़क से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचने वाले वाहन चालकों को बेहद सतर्क रहना चाहिए। सड़क पर छोटी सी लापरवाही भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। फिलहाल फरसगांव पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

टक्कर के बाद सड़क पर गिरी बाइक सीसीटीवी के आधार पर ट्रक की तलाश

सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि तेज रफ्तार बाइक ट्रक से जा टकराई। टक्कर के बाद बाइक सड़क पर गिर गई और दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अब सामने आए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है। पुलिस द्वारा ट्रक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं व सेवाओं से 199 हितग्राही हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

कलेक्टर नम्रता जैन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उनके निकटतम स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज छोटेडोंगर में विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 47 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राशन कार्ड से संबंधित 39 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा 18 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 35 हितग्राहियों को पक्के आवास की चाबी सौंपी गई।

कृषि विभाग द्वारा फसल बीमा राशि से संबंधित 11 हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उद्यानिकी विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया तथा श्रम विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 40 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं के माध्यम से कुल 199 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

हैंडब्रेक नहीं लगाने से लुढ़का ट्रक कार और स्कूटी को लिया चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

- 100 मीटर तक बेकाबू होकर दौड़ा ट्रक, ट्रांसफॉर्मर से टकराने से बचा, बड़ा हादसा टला

नेशनल हाईवे-30 पर अस्पताल चौक के पास रविवार सुबह करीब 10 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बिना हैंडब्रेक लगाए खड़ा एक भारी ट्रक अचानक लुढ़क गया। करीब 100 मीटर तक बेकाबू होकर लुढ़कते हुए ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी कार और स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में स्कूटी ट्रक के नीचे दबकर पूरी तरह चकनाचूर हो गई। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक सीजी 17 केएन 5024 में पत्थर लोड था। चालक ने इसे केवी जनरल स्टोर के पास सड़क किनारे खड़ा किया और चला गया।

बताया जा रहा है कि ट्रक में हैंडब्रेक नहीं लगाया गया था। इसी दौरान ट्रक अचानक लुढ़कने लगा और ढलान की ओर करीब 100 मीटर तक चलता हुआ अस्पताल चौक पहुंच गया। रास्ते में उसने कार क्रमांक सीजी 27 एम 7702 और स्कूटी क्रमांक सीजी 27 एम 2378 को अपनी चपेट में ले लिया।



ट्रांसफॉर्मर से टकराने से बाल-बाल बचा

बेकाबू ट्रक अस्पताल चौक स्थित हितेश ऑटो और कमल मेडिकल स्टोर के सामने नाली के ऊपर जाकर फंस गया। इसी स्थान के पास सड़क किनारे ट्रांसफॉर्मर भी लगा हुआ था। गनीमत रही कि ट्रक ट्रांसफॉर्मर से नहीं टकराया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

मौके पर लगा जाम, पुलिस ने संभाली व्यवस्था

0हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही फरसगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित कर आवागमन सुचारू कराया। इसके बाद कड़ी मशक्कत से ट्रक को मौके से हटाया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

तोतर के ग्रामीणों ने बताई समस्याएं, लीगल एड क्लिनिक ने दिखाई समाधान की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव खिलावन राम रिगरी के नेतृत्व में 60 दिवसीय मेगा ड्राइव अभियान के तहत ग्राम पंचायत तोतर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में विशेष जागरूकता एवं जनसमस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया।

ग्रामीण क्षेत्र तक न्याय की पहुंच बढ़ाने की पहल

60 दिवसीय मेगा ड्राइव के अंतर्गत आयोजित यह शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय एवं विधिक सहायता की पहुंच को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने, उचित मार्गदर्शन देने और जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

शिविर में सहायक विकास विस्तार अधिकारी आर.के. कुंजाम, ग्राम पंचायत सरपंच, पैरालीगल वॉलिंटियर्स सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



ग्रामीणों से सीधे संवाद कर जानी समस्याएं

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की सचिव गायत्री साय ग्राम पंचायत तोतर पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर गांव की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उन्होंने संबंधित मामलों में आवश्यक मार्गदर्शन दिया और समाधान के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी दी।

निःशुल्क विधिक सहायता की दी जानकारी

शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, उनके कानूनी अधिकारों तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। गायत्री साय ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को न्याय प्राप्त करने में आर्थिक बाधा न हो, इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और राशन से जुड़ी समस्याएं भी सुनीं

इस दौरान ग्रामीणों से शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, श्रमिक हित, महिला एवं बाल अधिकार सहित अन्य शासकीय सेवाओं से संबंधित समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। प्राप्त समस्याओं के संबंध में ग्रामीणों को उचित प्रक्रिया तथा संबंधित विभाग से संपर्क करने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

पेज 09 के शेष...

कड़ी सुरक्षा में सीजी ...

डिप्टी कलेक्टर कृष्ण कुमार जायसवाल, शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य एवं समन्वयक डॉ. अनिल श्रीवास्तव तथा सहायक समन्वयक डॉ. अजय सिंह ठाकुर की टीम लगातार सक्रिय रही।

आईईडी विस्फोट में ...

दिव्यांगजन भी शामिल होंगे। दूसरा शिविर 15, 16 और 17 अक्टूबर को दंतेवाड़ा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले के हितग्राहियों को लाभ मिलेगा। इन शिविरों में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के तकनीकी सहयोग से जरूरत के अनुसार कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर की तैयारियां बड़े स्तर पर की जा रही हैं। उपलब्ध विभागीय विवरण के अनुसार जगदलपुर में आयोजित होने वाले शिविर के लिए चार जिलों में कुल 2,953 दिव्यांगजन चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें बस्तर के 1,570, कोण्डागांव के 1,080, कांकेर के 236 और नारायणपुर के 67 दिव्यांगजन शामिल हैं। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से दिव्यांगों की अन्य सहायक उपकरण जैसे श्रवण यंत्र, वैशाखी, स्मार्ट छड़ी/वॉकिंग स्टिक, छड़ी, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, कैलिपर्स एवं दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए उपयोगी उपकरणों का भी वितरण किया जाएगा।

विकास की दस्तक ...

आपस में जोड़ने वाली यह नियमित बस सेवा अब अपने सफल संचालन का एक वर्ष पूरा कर चुकी है, जिससे पूरे क्षेत्र के जनजीवन में एक बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन आया है। विगत एक वर्ष से निर्बाध चल रही इस बस सेवा के नियमित यात्री सदाराम बघेल, गहुराम, तुलाराम नाग, तुलसीराम नाग, सुमन नाग और शांति नाग ने बताया कि इस सुविधा ने उनके जीवन की पूरी तस्वीर बदल दी है। ग्रामीण याद करते हैं कि अतीत में सुरक्षा चिंताओं और अधोसंरचना के अभाव के कारण आवश्यक कार्यों, इलाज या साप्ताहिक हाट-बाजार के लिए भी कई किलोमीटर का जोखिम भरा सफर घने जंगलों के बीच से पैदल या असुरक्षित साधनों से तय करना पड़ता था। अब पिछले एक साल से तय समय पर बस की नियमित उपलब्धता से यात्रा सुरक्षित, सस्ती और भरोसेमंद बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों के समय, श्रम और धन की भारी बचत हो रही है।

कमर तक पानी में ...

तब्दील होने के कारण बिजली ट्रांसफॉर्मर तक सामग्री पहुंचाने में काफी दिक्कत होती हैं। नये खंभे ट्रेक्टर की सहायता से पहुंचाए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों को आधा डूबकर काम करना पड़ा है। बिजली विभाग और ठेकेदार से लगभग 150 कर्मचारी बिजली व्यवस्था में लगे हुए थे।

कई गांवों की फसल ...

डमरू कुंजाम, राम कश्यप, तेजसिंह सेठिया, पत्रकार जोहान उसेंडी सहित अन्य किसान उपस्थित रहे। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी : रमेश गोयल ने चेतावनी दी कि यदि बाढ़ से नष्ट फसलों का निष्पक्ष सर्वे कराकर उचित मुआवजा नहीं दिया गया, प्रभावित किसानों को राहत नहीं मिली और नगरनार से निकलने वाले काले पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो किसान यूनियन आंदोलन तेज करने को बाध्य होगी। किसान अपनी आवाज सड़क से लेकर प्रशासन के दरवाजे तक बुलंद करेंगे।

वन अमले को बाघों ...

किया गया। बाघ की मॉनिटरिंग के लिए उपयुक्त स्थान का चयन, इंप्रेशन पैड तैयार करना तथा प्राप्त पगमार्क को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। फील्ड विजिट में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार, एसडीओ कमल नारायण तिवारी सहित विभिन्न वनमंडलों से आए उप वन मंडलाधिकारी, पार्क परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य वन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कैमरा ट्रैप की स्थापना भी सिखाई : फील्ड प्रशिक्षण में कैमरा ट्रैप लगाने की तकनीक पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। संभावित वन्यजीव आवागमन मार्गों की पहचान, कैमरा लगाने के लिए उपयुक्त स्थान का चयन, कैमरे की दिशा एवं स्थिति तय करने तथा स्थापना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। प्राप्त आंकड़ों की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक तकनीकी बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। वन अमले को जलस्रोत, वन्यजीवों के आवागमन मार्ग, पगमार्क, स्कैट, पेड़ों पर खरोंच और रगड़ के निशान सहित अन्य फील्ड साइन को बारीकी से देखने तथा उनका व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों ने मौके पर विभिन्न संकेतों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और पगमार्क इम्प्रेशन पैड एवं कैमरा ट्रैप तकनीक का व्यावहारिक अभ्यास किया।

बाढ़ प्रभावित 60 से ...

उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों को अपने हाथों से शिक्षण सामग्री वितरित की।उल्लेखनीय है कि बस्तर में हुई भारी बारिश के दौरान जगदलपुर शहर सहित जिले की कई निचली बस्तियों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई थी। इससे अनेक परिवार प्रभावित हुए। बाढ़ के पानी में कई बच्चों की किताबें, कॉपियां और अन्य शैक्षणिक सामग्री भी खराब हो गई थी। इसे देखते हुए भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ ने प्रभावित विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का निर्णय लिया।



खबर संक्षेप

सफाई मित्रों का सम्मान रंगोली विजेता बच्चे पुरस्कृत



गीदम। नगर पंचायत गीदम में गांधी जयंती पर संकल्प सेवा अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शहर को साफ रखने वाली स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों की सराहना करते हुए उन्हें सुरक्षित कार्य के लिए पीपीई किट व सुरक्षा सामग्री बांटी गई। साथ ही स्वच्छ रंगोली प्रतियोगिता के विजेता स्कूली बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने के लिए सभी को जागरूक होना होगा। सफाई मित्रों का सम्मान हम सभी का कर्तव्य है। उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता ने भी नागरिकों से गीदम को सुंदर बनाने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता की शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर समस्त पार्षद, एल्डरमैन, स्कूल के शिक्षक, नगर पंचायत के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

बारसूर को हराकर नारायणपुर बना पर्यटन फुटबॉल कप का विजेता



गीदम। बारसूर कन्या विद्यालय स्टेडियम में खेले गए पर्यटन फुटबॉल कप के फाइनल में नारायणपुर ने बारसूर-ए को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। स्थानीय युवाओं द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में पांच जिलों की कुल 18 टीमों ने भाग लिया था। विजेता नारायणपुर को 30 हजार रुपये व ट्रॉफी और उपविजेता बारसूर-ए को 15 हजार रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई। मैच के दौरान मुख्य अतिथि खेल अधिकारी प्रदीप सिंह सहित सुदरू नेताम, नरेंद्र कुमार नाग, पुरुषोत्तम यादव, हेमंत नेगी, विजय मरकाम, रयतू राम मंडावी, बंशी लाल कर्राम और विष्णु नुरेटी उपस्थित रहे।

241 बटालियन मुख्यालय में रोपे गए फलदार और औषधीय पौधे, सुरक्षा की ली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

सेडवा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का समापन



पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पिछले दो सप्ताह से संचालित 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का समापन हो गया। गांधी जयंती के अवसर पर 241 बटालियन मुख्यालय सेडवा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के साथ इस पखवाड़े का भव्य समापन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों, स्थानीय नागरिकों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी माँ के नाम पर पौधे रोपे। कार्यक्रम के दौरान नीम, पीपल, बरगद, आम और आंवला जैसे कई फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने केवल पौधे लगाने पर ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली।

इस विशेष अभियान में जगदलपुर रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में कमांडेंट हरविंदर सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी निरंजन कुमार निराला, उप कमाण्डेन्ट प्रमोद कुमार मीणा मौजूद रहे। वहीं जगदलपुर रोटरी क्लब से प्रेसिडेन्ट मनोज जॉर्ज थॉमस, गवर्नर नवीन भावसार, पौधरोपण अभियान के सभापति कुलजीत सिंह सहित रोटरी क्लब के सदस्य, 241 बस्तरिया बटालियन के सभी अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मां और प्रकृति जीवन का आधार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और कमाण्डेन्ट हरविन्दर सिंह ने कहा, माँ और प्रकृति दोनों ही हमारे जीवन का आधार हैं। माँ हमें जन्म देकर हमारा पोषण करती है, और प्रकृति यानी धरती मां हमें जीवन भर सांसें और संसाधन प्रदान करती है। अपनी माँ के नाम पर एक पौधा लगाना न केवल प्रकृति को बचाने का प्रयास है, बल्कि यह हमारी माँ के प्रति हमारी अटूट श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक भी है। पर्यावरण संरक्षण का यह छोटा सा प्रयास हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ कल का निर्माण करेगा।

मकानों व गृहस्थी के नुकसान का तत्काल मुआवजा देने के निर्देश

बाढ़ प्रभावित बड़े चकवा, मधोता और बोदरा पहुंचे विधायक, पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



बस्तर विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद आई भीषण बाढ़ से ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। बाढ़ के कारण उजड़े आशियानों और तबाह हुई गृहस्थी का जमीनी स्तर पर जायजा लेने के लिए बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता

- उपनेता प्रतिपक्ष ने राहत शिविरों और प्रभावित मोहल्लों में घर-घर जाकर जाना हाल

प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने ग्राम पंचायत बड़े चकवा, मधोता और बोदरा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा किया। उन्होंने प्रभावित गांवों के राहत शिविरों में पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और प्रभावित मोहल्लों में घर-घर जाकर बाढ़ से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। विधायक ने मौके पर मौजूद राजस्व अमले को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रभावित परिवार की वास्तविक क्षति का तत्काल आकलन कर नियमानुसार मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाए।

सामान निकालने तक का नहीं मिला समय

लखेश्वर बघेल ने अपने दौरे की शुरुआत सबसे पहले ग्राम पंचायत बड़े चकवा के राहत शिविर से की। शिविर में शरण लिए हुए बाढ़ प्रभावित परिवारों ने रो-रोकर अपनी आपबीती सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ का पानी इतनी तेजी से बढ़ा कि उन्हें अपने घरों से सुरक्षित निकलने के अलावा गृहस्थी का सामान निकालने तक का पर्याप्त समय नहीं मिल सका। बरसों की मेहनत और जमा पूंजी से खड़ा किया गया उनका आशियाना पलभर में जलमग्न होकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ितों की व्यथा सुनकर विधायक ने मौके पर ही मौजूद पटवारी से चर्चा की और कड़े निर्देश दिए कि पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों तथा अन्य घरेलू नुकसान का निष्पक्ष आकलन कर मुआवजा प्रकरण अविलंब तैयार किया जाए।

मंजर देखकर अपना दर्द बयान नहीं कर सकता

बाढ़ प्रभावितों के बीच चर्चा के दौरान विधायक लखेश्वर बघेल काफी भावुक नजर आए। उन्होंने भरे गले से कहा, ₹बाढ़ ने लोगों से केवल उनके मकान ही नहीं छीने, बल्कि उनके जीवनभर की जमा पूंजी भी बर्बाद कर दी है। मैं इस भयानक मंजर को देखकर अपना दर्द शब्दों में बयान नहीं कर सकता। मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता इस समय भीषण कठिनाइयों का सामना कर रही है, जिसे देखकर मैं बेहद दुखी हूं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि जिन परिवारों के घर पूरी तरह उजड़ गए हैं, उनके सामने जीवन को दोबारा पटरी पर लाने की बड़ी चुनौती है। इसलिए प्रशासन को मानवीय संवेदना के साथ इस स्थिति को गंभीरता से लेना चाहिए।

माटापारा और बोदरा में मलबे में दबी गृहस्थी

इसके बाद विधायक ग्राम पंचायत मधोता के माटापारा और भाटापारा मोहल्ले पहुंचे, जहां उन्होंने प्रभावितों के घर-घर जाकर नुकसान देखा। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ का पानी घरों में घुसने से मिट्टी के मकान ढह गए हैं और अनाज सहित सारा सामान नष्ट हो गया है। ग्राम पंचायत बोदरा में भी स्थिति वैसी ही मिली, जहां कई मकान गिर चुके थे और गृहस्थी का सामान मलबे में दबा हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व अमला मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जायजा ले चुका है। इस पर विधायक ने मधोता के पटवारी से दूरभाष पर चर्चा कर स्पष्ट कहा कि सर्वे प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभावितों को तत्काल राहत और उचित मुआवजा दिलाना प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

ये रहे उपस्थित

इस पूरे दौरे के दौरान विधायक के साथ बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, मानसिंह कवासी, लखेश्वर कश्यप, चईत राम कश्यप, पूरन कश्यप, लूमकरण जैन, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, शिवनाथ, फरशु मांझी, जयदेव, जनक कश्यप, कमलकिशोर कश्यप, रामनाथ कश्यप, महादेव बघेल, कचरु राम, सोमारु पटेल, लैखन, मंगतू कश्यप, त्रिनाथ मौर्य, बूंजू मौर्य, लखमू मौर्य सहित समस्त स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डिस्पैच क्षमता मजबूत करने नए उपकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

एनएमडीसी लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ स्थित अपने बचेली कॉम्प्लेक्स में मटेरियल हैंडलिंग उपकरणों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ कन्वेइंग सिस्टम और अयस्क लोडिंग व्यवस्था का उन्नयन किया है।

एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) जयदीप दासगुप्ता ने

- एनएमडीसी ने अब लौह अयस्क की होगी तेज हैंडलिंग

बचेली कॉम्प्लेक्स की फाइन्स साइडिंग में 3000 टीपीएच क्षमता वाले वैगन लोडर, 3200 टीपीएच क्षमता वाले रिक्लेमर और 3000 टीपीएच क्षमता वाले स्टैकर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बचेली कॉम्प्लेक्स के उत्पादन प्रमुख, अधिशासी निदेशक (पीसी) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अत्याधुनिक, मशीनीकृत और अत्यधिक स्वचालित वैगन लोडिंग प्रणाली से पुराने उपकरणों की तुलना में लोडिंग दक्षता और परिचालन विश्वसनीयता में सुधार होगा। 3000 टीपीएच की क्षमता वाला नया वैगन लोडर लौह अयस्क की तेज हैंडलिंग और लोडिंग को सक्षम बनाएगा। इससे रेक के ठहराव (डिटेंशन) और उससे जुड़ी डिमरेज लागत में कमी आएगी तथा अधिक मात्रा में अयस्क के डिस्पैच में मदद मिलेगी।

कंपनी ने उन्नत डाउनहिल कन्वेइंग सिस्टम को भी आरंभ किया है। इससे पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित खनन स्थलों से लोडिंग और प्रसंस्करण सुविधाओं तक लौह अयस्क पहुंचाने की क्षमता और दक्षता में वृद्धि होगी। उन्नत प्रणाली न केवल लौह अयस्क की आवाजाही को अधिक प्रभावी बनाएगी, बल्कि इस महत्वपूर्ण परिवहन कड़ी में उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने में भी मदद करेगी। साथ ही, इससे बचेली कॉम्प्लेक्स की समग्र मटेरियल हैंडलिंग क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर जयदीप दासगुप्ता ने कहा, "नया वैगन लोडर, रिक्लेमर, स्टैकर और उन्नत डाउनहिल कन्वेइंग सिस्टम बचेली में मटेरियल हैंडलिंग और डिस्पैच की दक्षता में सुधार करेंगे। तेज रेक लोडिंग से डिटेंशन और डिमरेज को कम करने में मदद मिलेगी तथा अधिक मात्रा में अयस्क की निकासी संभव होगी। ये सुधार 2030 तक 100 एमटीपीए के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ते हुए हमारी निरंतर उत्पादन वृद्धि में योगदान देंगे।

छिन्दबहार स्कूल स्टाफ ने गरावण्डकला के 50 बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दबहार (दरभा) के स्टाफ ने बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत

- भाटागुड़ा और कुकड़ीगुड़ा पारा पहुंचकर बांटे कंबल व चटाई, सेवा कार्य की हो रही सराहना, 50 परिवारों को मिली मदद

गरावण्डकला (जगदलपुर) के भाटागुड़ा एवं कुकड़ीगुड़ा पारा पहुंचकर 50 परिवारों को 50 कंबल, 50 चटाई और आवश्यक राहत सामग्री का वितरण किया। शिक्षकों ने कहा कि बाढ़ से हुआ नुकसान बेहद दर्दनाक है और संकट के समय जरूरतमंदों के साथ खड़ा होना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। विद्यालय परिवार की इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। इस सेवा कार्य का नेतृत्व व्याख्याता बुधराम कश्यप ने किया। इसमें व्याख्याता दीनबंधु नाग, मनोहर सिंह बरनाला, कृष्ण कुमार मौर्य, दिनेश नाग (सहायक ग्रेड 3) और पूर्व शाला नायक मुकेश कश्यप शामिल रहे। राहत सामग्री वितरण में गरावण्डकला सरपंच दयाराम कश्यप, जिला रेडक्रॉस समिति सदस्य अलेक्जेंडर चेरियन, वीडी ब्लॉग के संस्थापक विकास दुग्गड़, पंच महेश निषाद, मिनकेतन, संतोष निषाद और सम्पत बघेल का विशेष सहयोग रहा।

अबूझमाड़ मोर्चे पर तैनात जवानों ने गांधी जयंती पर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

सीआरपीएफ 195 बटालियन ने बोल्डली कैंप में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



गांधी जयंती पर सीआरपीएफ 195 बटालियन द्वारा बोल्डली कैंप में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। दंतेवाड़ा के अति नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ मोर्चे पर तैनात यह वाहिनी सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक व पर्यावरणीय कार्यों में भी निरंतर भागीदारी कर रही है।

कार्यक्रम में कमांडेंट अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधा लगाने के साथ उसकी देखभाल का संकल्प लेना भी जरूरी है। बल के अधिकारी और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधों को संरक्षित रखने की शपथ ली।

इस अवसर पर कमांडेंट अनिल कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी विंध रंजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल भारती, उप कमांडेंट संजीव कुमार यादव और सहायक कमांडेंट संजीत कुमार सहित अधीनस्थ अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

बस्तर के 22 गांवों में आर्ट ऑफ लिविंग ने बांटी प्रभावितों को बाढ़ राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



पिछले दिनों बस्तर जिले में हुई अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। प्रभावित परिवारों

- अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को कंबल, राशन और दवाइयां देकर दिया संबल

के सामने भोजन, वस्त्र, स्वास्थ्य और दैनिक आवश्यकताओं का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस संकट में श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित 'आर्ट ऑफ लिविंग' के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों ने प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर राहत कार्य चलाया। अभियान के तहत बोदरा, भेजापदर, अमलाभाटा, कुरुषपाल, लिटिगुड़ा सहित 22 से अधिक गांवों में कंबल, चटाई, मच्छरदानी, सैनिटरी पैड, कपड़े, सूखा राशन और दवाइयाँ बांटी गईं।

संस्था ने बताया कि इस प्रयास का उद्देश्य पीड़ित परिवारों की सहायता करना और समाज में सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना है। संस्था ने राहत कार्य में सहयोग करने वाले सभी सेवाभासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इस कार्य में गोविंद राव, कमल दुबे, अजय सिंह बैस, संदीप बोरकर, अंकुर अग्रवाल, सोनिया कुशवाह, नीरू मग्गू, विवेक सोनी, कमल नारायण श्रीवास्तव, टिकेंद्र पाण्डे, संजय मिश्रा, कमलेश ठाकुर और हरिवंदु बघेल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

सीआरपीएफ 131वीं वाहिनी ने दोरनापाल में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



मानव सेवा और सामाजिक दायित्व की भावना को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 131वीं वाहिनी द्वारा 3 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कमांडेंट दीपक

- कमांडेंट की मौजूदगी में 31 जवानों ने किया रक्तदान

कुमार साहू की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का आयोजन देवपल्ली, दोरनापाल में जिला अस्पताल सुकमा के ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया।

रक्तदान शिविर के दौरान 131वीं वाहिनी के कुल 31 कार्मिकों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। जवानों ने रक्तदान को मानव जीवन बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान बताते हुए जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए आगे आने का संदेश दिया।

शिविर में रक्तदान के महत्व के संबंध में जानकारी भी दी गई। इस दौरान बताया गया कि दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव अथवा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध होना किसी व्यक्ति के जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो सकता है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सेवा है।

रक्तदान करने वाले कार्मिकों की जिला अस्पताल सुकमा के ब्लड बैंक की चिकित्सकीय टीम द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। निर्धारित चिकित्सकीय प्रक्रिया के अनुसार रक्त संग्रहण किया गया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं को रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं सावधानियों से भी अवगत कराया गया।

131वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के क्रम में समय-समय पर जनहित एवं समाजोपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में आयोजित इस रक्तदान शिविर के माध्यम से बल के अधिकारियों एवं जवानों ने मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी 31 कार्मिकों की सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि रक्तदान केवल रक्त देने का कार्य नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवन की उम्मीद देने का प्रयास है।

कमांडेंट ने बढ़ाया उत्साह

कमांडेंट दीपक कुमार साहू ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान मानव जीवन की रक्षा के लिए किया जाने वाला महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से हम किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में प्रत्यक्ष रूप से योगदान दे सकते हैं। उन्होंने उपस्थित कार्मिकों की सहभागिता की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

खबर संक्षेप

प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने विधायक से की मुलाकात



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बस्तर जिला अध्यक्ष मुन्ना नायक और कर्मचारी प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने उनके रायपुर स्थित निवास पर पहुंचकर भेंट की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की।

गांधी के जीवन दर्शन पर हुई परिचर्चा



जगदलपुर। शहर के शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कला संकाय द्वारा महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गांधी के विचारों की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकाय के अधिष्ठाता ने की। परिचर्चा में वक्ताओं ने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वदेशी और ग्राम स्वराज के विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गांधी के सिद्धांत आज भी देश और समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. समीर ठाकुर छात्र कल्याण अधिष्ठाता, डॉ भुनेश्वर लाल साहू, पूर्णेन्द्र मिर्धा डॉ. भेनु मैडम, प्रेमजीत निराला, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. राकेश खरवार, डॉ. विष्णु प्रताप प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गनमैन अली हैदर रिज़वी 40 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त



जगदलपुर। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में कार्यरत गनमैन अली हैदर रिज़वी 40 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं। बैंक परिसर में आयोजित विदाई समारोह में बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने उनके दीर्घ सेवाकाल और कोरोना काल में दी गई निष्ठापूर्ण सेवाओं की सराहना की। इलाहाबाद निवासी रिज़वी ने वर्ष 1986 में बैंक में अपनी सेवा शुरू की थी।
समारोह को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.ए. रज़ा, शाखा प्रबंधक दीपाली जैन, संत कुमार कनौजिया और सुरेश मतरानी ने भी संबोधित किया। समारोह के अंत में बैंक परिवार की ओर से रिज़वी को शाल-श्रीफल भेंटकर विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष आर.के. सूर्यवंशी ने किया और आभार मुख्य लेखापाल गौरव शर्मा ने व्यक्त किया।

पेंशनर महासंघ ने जताया आक्रोश

जगदलपुर। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्ध पेंशनरों के सम्मान कार्यक्रम में महज चुनिंदा लोगों को बुलाकर औपचारिकता पूरी करने का आरोप लगा है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समाज कल्याण विभाग और रेड क्रॉस सोसाइटी की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में महासंघ को सूचना दी गई, लेकिन जगदलपुर में अधिकारियों ने संगठन की उपेक्षा की। महासंघ ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई की मांग करने वालों में किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव कुमार मिश्रा, रमापति दुबे, एल एस नाग, बी एस नेताम, धरम सिंह मंडावी, हफीज खान, दीपक रंगारी, सुमन ठाकुर, जगन राम साहू, आर सी उपाध्याय, मनीराम कश्यप, मोतीलाल शोरी सहित अन्य शामिल रहे।

क्षत्रिय महासभा ने बाढ़ प्रभावित कोहकपाल और विजयवार्ड में बांटी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

100 परिवारों को दी मच्छरदानी व चटाई, बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखने की अपील की

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बस्तर जिला द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कोहकपाल एवं विजयवार्ड में इंद्रावती नदी के किनारे बसे परिवारों की सहायता के लिए सराहनीय पहल की गई। महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने घर-घर जाकर 100 प्रभावित परिवारों को मच्छरदानी एवं चटाई का वितरण किया। इस दौरान टीम ने प्रभावितों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना।

महासभा के सचिव कैलाश चौहान ने बच्चों एवं उनके परिजनों से अपील की कि वे स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें, पानी को उबालकर ठंडा करने के बाद पिएं तथा घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बाढ़ के बाद दूषित पानी एवं गंदगी से विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। इस सेवा कार्य में समाज के अध्यक्ष श्रवण सिंह चौहान, लोकेश सोमवंशी, संजय चौहान, राणा उदय सिंह, राजेश चौहान, प्रभात चौहान और अविनाश गौतम की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में स्थानीय निवासी वीरेंद्र शर्मा का विशेष सहयोग रहा।





जनकल्याण का लिया संकल्प

क्षत्रिय महासभा बस्तर जिला की इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों तक सीधे पहुंचकर उनकी सहायता करना तथा समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदना को बढ़ावा देना है। महासभा ने सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में भविष्य में भी निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प व्यक्त किया है।

89.23 लाख के 4 विकास कार्यों का भूमिपूजन

13 हेक्टेयर में सजा 7800 पौधों का फलोद्यान ग्रामीणों की आय को मिलेगा नया आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन परिक्षेत्र भानपुरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बाकेल में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विकसित किए गए विशाल फलोद्यान का लोकार्पण रविवार को गरिमामय समारोह में वन मंत्री केदार कश्यप ने किया। लगभग 13 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित इस फलोद्यान में 7800 उच्च गुणवत्ता वाले उन्नत ग्राफ्टेड एवं हाइब्रिड फलदार पौधे रोपे गए हैं। यह परियोजना

- वन मंत्री ने बाकेल में किया विशाल फलोद्यान का लोकार्पण

पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीणों की आजीविका और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री कश्यप ने फलोद्यान को क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए अनूठी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि वन और ग्रामीणों का संबंध सदियों पुराना है। ऐसे विकास कार्यों में ग्रामीणों की भागीदारी से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि आने वाले समय में फल उत्पादन के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने वन संवर्धन में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। समारोह के दौरान वन मंत्री ने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 89.23 लाख रुपए की लागत से होने वाले चार निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इनमें ग्राम पंचायत गुनपुर में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत 27.88 लाख रुपए की सीसी सड़क सह नाली, ग्राम पंचायत घोटिया में 30 लाख रुपए की लागत से महतारी सदन, भानपुरी के फरसागुड़ा नेताजी पारा में 24.35 लाख रुपए का सामुदायिक भवन तथा ग्राम पंचायत तारागांव में मुख्य मार्ग से तालाब पहुंच मार्ग पर 7 लाख रुपए की 2 मीटर पुलिया शामिल है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, इंद्रावती विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शरद अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



वन्यजीव संरक्षण में सहभागिता का आह्वान

2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का उल्लेख करते हुए वन मंत्री ने नागरिकों से वन्यजीवों के प्रति दयाभाव रखने और उनके संरक्षण में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के जंगलों में वन्यप्राणियों की संख्या में वृद्धि और उनकी गतिविधियों का लगातार दर्ज होना जैव विविधता के लिहाज से उत्साहजनक संकेत है। उन्होंने ग्रामीणों को वन्यजीवों के साथ सुरक्षित सह-अस्तित्व के उपायों की जानकारी देते हुए संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। वन मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान का संदेश भी ग्रामीणों तक पहुंचाया।

तकनीकी गुणवत्ता पर सीसीएफ ने दी जानकारी

समारोह में मुख्य वन संरक्षक सुश्री स्टायलो मंडावी ने फलोद्यान में रोपे गए विभिन्न प्रजातियों के पौधों और उनकी तकनीकी विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्नत ग्राफ्टेड एवं हाइब्रिड किस्मों के पौधे भविष्य में बेहतर उत्पादन देने में सक्षम होंगे। डीएफओ बस्तर दीपेश कपिल ने हरित पहल में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के निरंतर सहयोग के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

माड़पाल सेवा सेतु शिविर में सभी आवेदनों का मौके पर निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्राम पंचायत माड़पाल में आयोजित 'सेवा सेतु' समाधान शिविर में प्राप्त सभी 310 आवेदनों का मौके पर ही शत-प्रतिशत निराकरण कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई। मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन अब स्वयं ग्रामीणों के द्वार पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहा है, जिससे लोगों को दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिल रही है। इस दौरान कलाकारों ने स्वच्छता और योजनाओं पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

- सांसद ने हितग्राहियों को बांटी आवास की चाबियां और आयुष्मान कार्ड

शिविर में पात्र हितग्राहियों को राजस्व विभाग द्वारा 10 बी व किसान किताब, कृषि विभाग द्वारा फसल बीमा प्रमाण पत्र और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 आयुष्मान कार्ड बांटे गए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण हुए 2 आवासों की चाबियां हितग्राहियों को सौंपी गईं।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद सदस्य सरकी मीना राव, जनपद सीईओ बीरेंद्र बहादुर, नायब तहसीलदार लखीराम पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बस्तर की पहली अंतरविद्यालयीन स्केटिंग चैंपियनशिप में 200 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वीर सावरकर भवन के समीप स्थित स्केटिंग ग्राउंड में बस्तर संभाग की प्रथम अंतरविद्यालयीन स्केटिंग चैंपियनशिप का उत्साहपूर्ण आयोजन

- अंडर-5 से अंडर-17 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में आजमाया भाग्य

किया गया। बस्तर रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में बस्तर रोलर स्केटिंग एकेडमी द्वारा आयोजित इस संभागीय प्रतियोगिता में जगदलपुर सहित सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर और नारायणपुर के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 200 स्केटर्स ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अंडर-5 से अंडर-17 तक के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टेनेसिटी, टॉय, इनलाइन, क्वाड्स और प्रोफेशनल इनलाइन श्रेणियों में मुकाबले हुए। रिंक और रोड स्पधार्ओं में खिलाड़ियों ने तेज गति, संतुलन, एकाग्रता और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। नन्हे स्केटर्स का आत्मविश्वास और किशोर खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन प्रतियोगिता के प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पुलिस विभाग के इंस्पेक्टर दीपक शर्मा और सेवानिवृत्त कैप्टन केएल कोष्टा उपस्थित रहे। इंस्पेक्टर दीपक शर्मा स्वयं भी स्केटर हैं। उनकी उपस्थिति ने स्केटिंग में करियर और रुचि रखने वाले बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय स्तर पर आयोजित इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में अनुशासन, खेल भावना, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता विकसित होने के साथ बस्तर में स्केटिंग की नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा।

चैंपियनशिप के सफल आयोजन में मुख्य प्रशिक्षक इरफान खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्केटिंग के प्रति उनका जुनून, बच्चों को प्रशिक्षित करने की लगन और लगातार मेहनत आयोजन की प्रमुख प्रेरक शक्ति रही। उनके प्रयासों से संभाग के उभरते स्केटर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ ही अलग-अलग जिलों के खिलाड़ियों से सीखने और प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिला। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज थॉमस के नेतृत्व और सहयोग से प्रतियोगिता का सफल संचालन हुआ। विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों की भागीदारी ने इसे वास्तविक रूप से संभागीय स्तर की प्रतियोगिता का स्वरूप दिया।





भतरा समाज विकास परिषद का बाढ़ राहत अभियान चौथे दिन भी जारी

जगदलपुर। भतरा समाज विकास परिषद द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए चलाया जा रहा राहत अभियान लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। अभियान के चौथे दिन जगदलपुर विकासखंड के ग्राम घाटपदमुर व डुरकीगुड़ा, लोहण्डीगुड़ा के बड़ाजी, तोकापाल के देऊरगांव तथा बस्तर विकासखंड के ग्राम कुड़कानार में प्रभावितों को राशन, हरी सब्जियां, कपड़े और चटाई उपलब्ध कराई गई। परिषद ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में समाज उनके साथ खड़ा है और यह राहत कार्य निरंतर जारी रहेगा।

इस सेवा अभियान में संभागीय अध्यक्ष रतन कश्यप, चैतराम नागवंशी, लैखन बघेल, कुलधर गोयल, रस्सीलाल कश्यप, नरसिंग बघेल, प्रहलाद बघेल, प्रभु नाग, उत्तम कुमार नाग, मिनकेतन बघेल, रामप्रसाद बघेल, नकुल पुजारी सहित समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नयापारा मुख्य मार्ग के निर्माण में देरी पर पार्षद ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

निर्माणाधीन नयापारा मुख्य मार्ग को लेकर शनिवार को पत्रकार भवन में नयापारा पार्षद आलोक अवस्थी ने पत्रकारवार्ता आयोजित की।उन्होंने नयापारा मुख्य मार्ग को शहर का महत्वपूर्ण एवं वीआईपी मार्ग बताते हुए सड़क निर्माण में हो रही देरी और

- 1.94 करोड़ से स्वीकृत सड़क का संशोधित स्टीमेट बढ़कर 2.64 करोड़ पहुंचा, दशहरा से पहले काम पूरा करने की मांग

लगातार बढ़ते स्टीमेट को लेकर गहरी नाराजगी जताई।उन्होंने बताया कि नयापारा मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण एवं उन्नयन के लिए 1 करोड़ 94 लाख 47 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। प्रस्ताव के अनुसार करीब 600 मीटर लंबी और 10 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है। इसके साथ ही सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण भी प्रस्तावित है।उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के साथ पाइपलाइन का विस्तार, पेड़ों की कटाई और विद्युत पोलों की शिफ्टिंग जैसे आवश्यक कार्य भी किए जाने हैं। इन कार्यों को शामिल किए बिना सड़क चौड़ीकरण का काम पूर्ण नहीं हो सकता। इसी कारण इन सभी कार्यों को शामिल करते हुए संशोधित स्टीमेट तैयार कर लोक निर्माण विभाग को भेजा गया है। इसके बाद परियोजना की अनुमानित लागत बढ़कर 2 करोड़ 64 लाख 19 हजार रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि स्टीमेट बढ़ने के साथ निर्माण कार्य में हो रही लेटलतीफी चिंता का विषय है। लंबे समय से सड़क निर्माण के कारण क्षेत्रवासियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माणाधीन मार्ग पर उड़ रही धूल से भी लोगों को काफी दिक्कत हो रही है।

उन्होंने बताया कि धूल की समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है तथा सड़क पर सुबह और शाम दोनों समय पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।उन्होंने संबंधित विभाग से नयापारा मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य बस्तर दशहरा से पहले पूरा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दशहरा के दौरान शहर में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है, ऐसे में मुख्य मार्ग का व्यवस्थित और सुगम होना आवश्यक है।



स्कूली बच्चों ने जीवंत अभिनय से दिखाई माओवाद पर नियंत्रण और डिजिटल क्रांति की कहानी

सेवा सेतु शिविरों में 'नमो सेवा गाथा' नुक्कड़ नाटक बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले भर में आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु शिविरों में इन दिनों स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक 'नमो सेवा गाथा' आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। अपनी सशक्त अभिव्यक्ति और जीवंत अभिनय के माध्यम से ये बाल कलाकार शासकीय योजनाओं और देश में आए सकारात्मक बदलावों की कहानी को जन-जन तक बड़ी ही सहजता से पहुंचा रहे हैं।

इस प्रस्तुति को बच्चों के अभिनय और दर्शकों की रुचि के अनुकूल बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर परिमार्जित किया गया है। नुक्कड़ नाटक की पटकथा पुराने कॉलेज मित्रों के एक रीयूनियन के ताने-बाने पर बुनी गई है, जहां वे आपस में चर्चा करते हुए देश में हुए आमूलचूल परिवर्तनों को उजागर करते हैं।



इसमें माओवाद पर प्रभावी नियंत्रण, माओवाद समस्या का खात्मा, डिजिटल लेनदेन को सुगम बनाने वाली यूपीआई प्रणाली और प्रमुख जनकल्याणकारी नीतियों के जमीनी असर को कलात्मक ढंग से पेश किया जा रहा है। नाट्य दल के लिए शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर और जगतू माहरा हायर सेकेंडरी स्कूल जगदलपुर से लगभग 22 प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन किया गया। नियमित अभ्यास की सुविधा के लिए छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स को इसमें प्राथमिकता दी गई।

इन कलाकारों को तराशने की जिम्मेदारी 'बादल' (बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लैंग्वेज) के प्रशिक्षकों ने संभाली, जिन्होंने बच्चों को गहन प्रशिक्षण देने के साथ एकेडमी का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया। तैयारियों के दौरान बाढ़ की स्थिति और मौसमी बीमारियों जैसी व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद बच्चों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई।

सांसद की सराहना

शिविरों में दी गई इस उत्कृष्ट प्रस्तुति की आम नागरिकों के साथ-साथ क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी खुलकर सराहना की है। बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन को देखते हुए आयोजकों ने आगामी सांस्कृतिक व रंगमंचीय आयोजनों में भी इस दल को निरंतर अवसर प्रदान करने की योजना बनाई है।

